# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित **'B++'** श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 02.10.2023

## प्रकाशनार्थ

**आज दिनांक 02 अक्टूबर 2023** को महाविद्यालय में **युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं वं राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन** किया गया। इस अवसर पर **मुख्य अतिथि प्रो. आद्या प्रसाद द्विवेदी, पूर्व कला संकाय अधिष्ठाता, वीर बहादूर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर** ने कहा कि दिग्विजयनाथ जी महाराज हिन्दू धर्म एवं संस्कृति के सजग प्रहरी थे। उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ मन्दिर के माध्यम से आध्यात्मिक गरिमा और हिन्दू संस्कृति की रक्षा की। हिन्दू महासभा के मंच से हिन्दू धर्म एवं संस्कृति को संरक्षित किया और अंग्रेजी शासन व्यवस्था का विरोध किया तथा साइमन कमीशन और क्रिप्स मिशन का बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि दिग्विजयनाथ जी महाराज ने पूर्वी उत्तर प्रदेश से भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का भी नेतृत्व संभाला। स्वतंत्रता के पश्चात् गोरखपुर से सांसद होकर नये राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा के माध्यम से लोगों में चेतना जगाने के लिए 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। यह परिसर आज 50 से अधिक शैक्षिक प्रकल्पों के साथ उनके आदर्शों व मूल्यों को साकार रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

दिग्विजयनाथ जी महाराज के योग्य उत्तराधिकारी व शिष्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज ने उनकी परम्परा को आगे बढ़ाया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में गोरखपुर से सांसद सदस्य बनकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे सामाजिक समरसता के प्रतीक थे तथा उन्होंने छूआछूत व साम्प्रदायिक भावनाओं को दूर करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम का **संचालन डॉ. त्रिभुवन मिश्रा ने किया तथा अध्यक्षीय उद्बोधन व आभार ज्ञापन प्रो. धीरेन्द्र सिंह, कला संकाय प्रभारी ने** किया।

उक्त अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

**डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी**
**सूचना एवं जनसम्पर्क**